दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंक:-248
मुरादाबाद
29 December 2024
(Sunday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पंचतत्व में विलीन हुए मनमोहन सिंह, राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार



पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति की ऐसी शख्सियत थे जो बेहद कम बोलते थे। मगर जब बोलते, तो सभी उनकी बात सुनते थे। अब वह शख्सियत हमेशा के लिए मौन हो गई। मनमोहन सिंह ने 92 वर्ष की आयु में दिल्ली एम्स में गुरुवार रात अंतिम सांस ली। आज दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले, पीएम मोदी-राष्ट्रपति मुर्मू समेत देश के तमाम नेताओं ने श्रद्धांजलि दी ।मनमोहन सिह के सम्मान में आधा झुका रहेगा मॉरीशस का झंडा-पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सम्मान में मॉरीशस की सरकार ने 28 दिसंबर को अपना राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रखने का एलान किया है। कुछ बातों में सरकार को नियमों में नहीं बंधना चाहिए कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा, जो संवेदनशीलता सरकार ने यहां आकर दिखाई है इससे ज्यादा संवेदनशीलता उन्हें अंतिम संस्कार के लिए एक जगह देने में दिखानी चाहिए थी। जो काम आप 3 दिन बाद करेंगे, वे आज कर दिया होता। कुछ मामलों में सरकार को नियम से बंधना नहीं चाहिए। अटल जी के अंतिम संस्कार के लिए सरकार जमीन मुहैया कराई थी। डॉ मनमोहन सिंह जैसा बेटा हमें छोड़ कर जा रहा था तो उसी जगह पर अंतिम संस्कार होना चाहिए था जहां स्मारक बनेगा। आपके पास पूरे एक दिन का समय था आप ये काम कर सकते थे... डॉ मनमोहन सिंह का कद इन चीजों से बहुत बड़ा है। सरकार को थोड़ा और संवेदनशील होना चाहिए था।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह जी महान व्यक्ति थे, उन्होंने हमेशा देश के लोगों के लिए काम किया और राष्ट्र निर्माण में बहुत योगदान दिया। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करने के मुद्दे पर उन्होंने कहा, यहां कई स्मारक हैं तो इसलिए एक और स्मारक बनाने में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। सरकार को इस पर जल्द से जल्द फैसला लेना चाहिए। निगम बोध घाट से रवाना हुए पीएम मोदी- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निगम बोध घाट से रवाना हुए।पंचतत्व में विलीन हुए डॉ. मनमोहन सिंह। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को दी गई अंतिम सलामी, पूरे राजकीय सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार।निगम बोध घाट पर पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत अन्य गणमान्य लोग अभी भी निगम बोध घाट पर मौजूद हैं

## संक्षिप्त समाचार

### बीड सरपंच की हत्या को लेकर गरमाई राजनीति, भाजपा अध्यक्ष बोले- विधायक से बात करेंगे

इस महीने की शुरुआत में बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या कर दी गई थी। इस पर आष्टी सीट से भाजपा विधायक सुरेश धास ने धनंजय मुंडे का नाम लिए बगैर उनकी आलोचना की।महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि वे पार्टी विधायक सुरेश धास से कहेंगे कि वे बीड सरपंच की हत्या के मामले में सार्वजनिक बयानबाजी न करें। दरअसल धास ने बीड सरपंच की हत्या के मामले में अपरोक्ष रूप से एनसीपी विधायक धनंजय मुंडे पर आरोप लगाए हैं। महाराष्ट्र की महायुति सरकार में भाजपा, एनसीपी और शिवसेना का गठबंधन है। ऐसे में भाजपा विधायक द्वारा बयानबाजी से राजनीति गरमा गई है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या कर दी गई थी। इस पर आष्टी सीट से भाजपा विधायक सुरेश धास ने धनंजय मुंडे का नाम लिए बगैर उनकी आलोचना की। भाजपा विधायक ने दावा किया कि हत्या मामले के मुख्य आरोपी एनसीपी विधायक धनंजय मुंडे से अपने संबंधों के कारण गिरफ्तारी से बच रहे हैं। इस पूरे मामले पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य विधानसभा में आश्वासन दिया है कि इस हत्या मामले में दोषियों को उनके राजनीतिक संबंधों की परवाह किए बिना न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।बावनकुले ने कहा, मैं सुरेश धास से कहूंगा

## मनमोहन सिंह से सम्मानित दो आदिवासियों की आंखें नम, कहा- पूर्व PM की मुस्कराहट और शब्द अविस्मरणीय



बोलिगुडा गांव के रैला मुदुली और नुआगुडा के चंद्र प्रधानी ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर दुख व्यक्त करने के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं।पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। आज दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। हर कोई उन्हें और उनके अहम योगदान को याद कर भावुक है। इसी क्रम में, साल 2012 में बायोडायवर्सिटी संरक्षण के लिए सिंह से सम्मान होने वाले ओडिशा के दो आदिवासियों की आंखें नम दिखीं।बोलिगुडा गांव के रैला मुदुली और नुआगुडा के चंद्र प्रधानी ने कहा कि सिंह के निधन पर दुख व्यक्त करने के लिए शब्द काफी नहीं हैं। गुरुवार रात हुआ निधन- बता दें, पूर्व प्रधानमंत्री का निधन गुरुवार रात दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ( एम्स ) में उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण हुआ। उनकी उम्र 92 वर्ष थी। मेरे पास पर्याप्त शब्द नहीं%-मुदुली और प्रधानी को 2012 में भुवनेश्वर में आयोजित 99वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस के दौरान मनमोहन सिंह ने बायोडायवर्सिटी संरक्षण के लिए प्रमाण पत्र दिए थे। भुमिया जनजाति के किसान रैला ने कहा, %जब मैंने शुक्रवार को उनके निधन के बारे में सुना, तो मेरे पास कहने के लिए कुछ शब्द नहीं बचे थे। मैं उस दिन ( 2012 में ) बहुत नर्वस था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री से पुरस्कार लेना अविस्मरणीय पल था। वह बहुत सौम्य और मृदुभाषी थे और हमें बायोडायवर्सिटी संरक्षण के लिए समर्पण से काम करने के लिए प्रेरित किया। काश मुलाकात के लिए मिलता अधिक समय- प्रधानी-आंखों में आंसू लिए प्रधानी ने मनमोहन सिंह के साथ हुई छोटी सी मुलाकात को याद किया। उन्होंने कहा, जब मैं पुरस्कार ले रहा था तो वह मुझे देखकर मुस्कराए। उन्होंने हमें बायोडायवर्सिटी संरक्षण के प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उनके शब्द हमेशा प्रेरणा के रूप में हमारे साथ रहेंगे। काश मुझे उनसे अधिक मुलाकात करने का अवसर मिलता। पूर्व पीएम ने समुदाय के प्रयासों की सराहना की थी ओडिशा के जेयपुर के एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के निदेशक प्रशांत परिदा ने बताया कि 2012 में कोरापुट को खाद्य और कृषि संगठन ( एफएओ ) द्वारा वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली ( जीआईएएचएस ) के रूप में मान्यता दी गई थी। उन्होंने कहा कि रैला और चंद्र ने उस कार्यक्रम में कोरापुट का प्रतिनिधित्व किया था, जहां पूर्व प्रधानमंत्री ने उनके समुदाय के प्रयासों की सराहना की थी।

## अखिलेश यादव बोले- भाजपा अपनी सोच का अनुचित उदाहरण प्रस्तुत न करे, राजघाट पर ही बने स्मारक

स्मारक विवाद पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अपनी सोच का अनुचित उदाहरण प्रस्तुत न करे।



चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री संस्कार शनिवार को पूरे बोध घाट पर हुआ। अखिलेश यादव ने बनाने को लेकर उठे आया है। अखिलेश ने स्मारक बनना चाहिए। करते हुए लिखा कि राजघाट पर ही स्मारक बनना डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम राजकीय सम्मान के साथ निगम उनके निधन पर सपा मुखिया दुख व्यक्त किया। साथ ही स्मारक विवाद में भी उनका बयान सामने कहा कि राजघाट पर ही उनका सपा मुखिया ने एक्स पर पोस्ट देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की समाधि के संदर्भ में सम्मान की परंपरा का निर्वहन होना चाहिए। न इस विषय पर किसी राजनीति की आवश्यकता है, न होनी चाहिए।राजघाट पर ही बननी चाहिए समाधि-उन्होंने आगे लिखा कि डॉ. मनमोहन सिंह की समाधि राजघाट पर ही बननी चाहिए। भाजपा अपनी संकीर्ण सोच का अनुचित उदाहरण प्रस्तुत न करे। इतिहास भाजपा को उसके इस नकारात्मक नजरिए के लिए कभी माफ नहीं करेगा। सरकार ने अनुरोध को अस्वीकार कर दिया - स्मारक बनाने को लेकर कांग्रेस का आरोप है कि पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर करने की मांग की गई थी, जहां उनका स्मारक बनाया जा सके। सरकार ने इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है।

## स्मारक विवाद पर बोलीं मायावती- इस पर राजनीति करना ठीक नहीं, परिवार की इच्छा का ख्याल रखे सरकार

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने के विवाद पर मायावती ने कहा कि इस पर राजनीति करना ठीक नहीं है। सरकार परिवार की इच्छा का ख्याल रखे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन




सिंह का अंतिम संस्कार सम्मान के साथ निगम बोध बसपा सुप्रीमो मायावती ने दुख बनाने को लेकर उठे विवाद में आया है। बसपा सुप्रीमो ने कहा स्मारक बनवाए। मायावती ने कि देश के पहले सिख सिंह के देहांत होने पर उनका शनिवार को पूरे राजकीय घाट पर हुआ। उनके निधन पर व्यक्त किया। साथ ही स्मारक मायावती का भी बयान सामने कि सरकार उनके सम्मान में एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन अंतिम संस्कार केंद्र सरकार वहां कराए, जहां उनके परिवार की दिली इच्छा हो। साथ ही उनके सम्मान में स्मारक भी बनवाए। इस पर किसी भी तरह की राजनीति करना ठीक नहीं है।सिख समाज की भावनाओं का सम्मान जरूर करे- उन्होंने आगे लिखा कि इन मामलों में केंद्र सरकार इनके परिवार के साथ पूरे सिख समाज की भावनाओं का सम्मान जरूर करे। कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर अति दुखद है। भारत की अर्थव्यवस्था सुधार में उनका खास योगदान रहा। वह नेक इंसान थे। उनके परिवार और सभी चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।सरकार ने अनुरोध अस्वीकार कर दिया स्मारक बनाने को लेकर कांग्रेस का आरोप है कि पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर करने की मांग की गई थी, जहां उनका स्मारक बनाया जा सके। सरकार ने इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है।

## 'ये आदेश एलजी नहीं, अमित शाह के ऑफिस से आया है', महिला सम्मान योजना के जांच के आदेश पर भड़के केजरीवाल

केजरीवाल का कहना है कि भाजपा दिल्ली में महिला सम्मान योजना रोकना चाहती है। ये आदेश एलजी ऑफिस से नहीं, अमित शाह के ऑफिस से आया है। भाजपा महिलाओं का सम्मान नहीं करती है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने महिला सम्मान योजना की जांच के आदेश दिए हैं। इसे लेकर अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोला है। केजरीवाल का कहना है कि भाजपा दिल्ली में महिला सम्मान योजना रोकना चाहती है। ये आदेश एलजी ऑफिस से नहीं, अमित शाह के ऑफिस से आया है। भाजपा महिलाओं का सम्मान नहीं करती है। भाजपा दिल्ली चुनाव में हार मान चुकी है। दिल्ली में महिला सम्मान योजना को महिलाओं का पूरा समर्थन मिल रहा है। अब तक 22 लाख से ज्यादा महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। केजरीवाल ने कहा कि महिला सम्मान




योजना और संजीवनी योजना से दिल्ली के लोग खुश थे। भाजपा इन योजनाओं को रोकना चाहती है।

भाजपा महिला सम्मान योजना से बौखला गई है। भाजपा वाले दिल्ली में पैसे बांट रहे हैं। मैंने कहा था कि चुनाव जीतने के बाद हम महिलाओं को 2100 रुपए देंगे और 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज देंगे। ये दोनों योजनाएं जनता के लिए इतनी फायदेमंद थीं कि लाखों लोगों ने पहले ही इनके लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया था। इससे भाजपा घबरा गई, कई भाजपा नेताओं ने मुझसे कहा कि जीतना तो छोड़िए, कई जगह भाजपा की जमानत जब्त हो जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि पहले उन्होंने अपने गुंडे भेजे, फिर पुलिस भेजकर रजिस्ट्रेशन कैंप उखाड़ दिया, आज उन्होंने फर्जी जांच के आदेश दे दिए कि जांच होगी। किस बात की जांच होगी? हमने चुनावी घोषणा की थी कि चुनाव जीतेंगे तो इसे लागू करेंगे। मुझे खुशी है कि इस कदम से भाजपा ने साफ कर दिया है कि वे चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। आज उन्होंने बता दिया है कि अगर आप उन्हें वोट देंगे तो वे महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लागू नहीं करेंगे। वे बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा बंद कर देंगे, वे आपकी मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त इलाज और मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे। उपराज्यपाल ने महिला सम्मान योजना के जांच के आदेश दिए- एलजी सचिवालय ने महिला सम्मान योजना के जांच के आदेश दिए हैं।

एलजी सचिवालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं। डिविजनल कमिश्नर से जांच करने को कहा गया है। सचिवालय ने पुलिस कमिश्नर से कहा है कि वे उन लोगों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई करें जो लाभ देने की आड़ में डेटा की गोपनीयता भंग कर रहे हैं।

## संपादकीय Editorial

### Year-end tourism package

Himachal has changed the wording of rules a bit by adopting tourism culture as a government responsibility, but continuous efforts are needed to stand in the league of Goa, Gujarat or Kerala. Anyway, Himachal is once again standing with the hopes of the new year in search of year-end tourism from the weekend, and bouquets are ready in the mountain courtyards. Shimla has decorated its beds for promenades in the presentation of Winter Carnival, and has started the gathering of tourists, and the moonlight of snow has done wonders on the mountains. In such a situation, the beginning of the new year has become a festival of adventure. It is a different matter that at present the bells are ringing at the same hill stations, which have become the dargah of the British rule and are giving darshan to the tourists. Of course, the government has loosened the shackles of law from the entertainment of the year, but for the coronation of tourism, the preparation of the entire state should get a new dimension. The bells of the new year ring in many temples and a proper celebration has started in Deotsidh. The national horizon of tourism opens up in the state from December to the entire month of January. From basking in the open sun to the intoxication of snowfall on the mountains, this is such a knock that can change the entire scenario. Meanwhile, if we get to know about the role of Lohri, Makar Sankranti and Ghritamandal celebrations of Kangra, Baijnath and Mandi, then it will become an amazing package. If the sky is chosen for kite flying to the beats of Vasantotsav in the warm sunshine of the mountains at Sujanpur ground, Chamba Chaugan and other major grounds, then many festivals of folk culture will descend on the ground. Sukhu government has opened the markets for 24 hours to make the end of the year tourism a pleasant experience, but to connect this experiment with the need of tourism, tourism or night market should be started in the entire state. The concept of tourist village is a beginning, but in this initiative, the land of Palampur Agricultural University got upset or the political regime got upset with the proposed 650 kanal land of Narghota of Dharamshala. The beautification of tourism projects of Himachal can bring about a change with the loan of Asian Development Bank and the help of the Center. A blueprint can be made with the approval of 1680 crores out of the proposed projects of 2416 crores, but the reason for better use should come to the fore. In the past, political towers were built in the name of tourism, but many concepts fell flat on their face. In tourism, it is the thrill that actually brings tourists closer. This thrill has not been served completely yet, so some circuits will have to be made and development will have to be done and tourism projects will have to be made in accordance with the year and in the form of seasons. Apart from the natural lakes of Himachal, the tourism infrastructure should be developed around Pong, Bhakra and Kol Dams in the legacy of artificial dams. In the year, if historical or heritage festivals are organized in the framework of some music festivals and the grounds of Kangra Fort or Sujanpur are filled with excitement or if music festivals and food festivals are added to the bonfires of Garli-Paragpur in the tune of Lohri festival, then many Goas will emerge in Himachal. Obviously, Himachal will have to choose and weave such festivals throughout the year in the discipline of its tourism calendar which represent the culture, music, food and adventure of this place. The Agriculture and Horticulture Department has to play only an annual role in the responsibility of tea festival in Palampur, apple festival in Manali, mango festival in Bilaspur and kinnow festival in Nurpur.

# The growing trend of students going abroad, loss of both talent and money

Due to the features of higher education, a large number of Indian students are migrating to other countries of the world every year, the good thing is that many important steps are being taken at the government level to make the same features available here. Now there is a preparation to study the same in the country itself by identifying the course of their choice. The trend of Indian students going abroad for higher education is increasing day by day. According to the Ministry of External Affairs, about seven lakh students went abroad for higher education in the year 2019, nine lakh students in 2022, while in 2024 so far about 13.50 lakh students have gone abroad for studies. Of these, about 4.50 lakh students have gone to Canada, 3.50 lakh students to America and 1.85 lakh students to Britain. The number of students going to countries like Australia, Germany, China, Singapore, New Zealand, Georgia, Ukraine, Philippines etc. for studies is also quite good. Indian students are currently studying in about 108 countries. Till the 80s and 90s of the last century, it was believed that brain drain hinders social concerns and national interests. Then in the era of liberalization, it was believed that studying and working abroad increases the country's foreign exchange reserves, but now the difference between the money spent on studying abroad and the amount sent by Indian students working there is decreasing. The country is losing both talent and money due to the increase in the number of students going abroad for studies. This situation is also worrisome because it can also lead to the problem of lack of competent and skilled labor force in front of industries and institutions. Usually, Indian students go abroad in search of attractive jobs, comfortable lifestyle, favorable work culture and ultimately to settle there, but there are many students who go abroad for studies due to quality education, better opportunities for research, availability of desired and employment-oriented subjects, productive and disciplined educational environment, balanced student-teacher ratio, assurance of completion of course on time, etc. It has to be accepted that most of the students do not get the opportunity to study the desired subjects in the best educational institutions of the country. Today's youth are experimentalists. They are choosing such courses which are in line with the industries and which are also updated in terms of changing technology. Nowadays, the interest and inclination of the students is more in subjects like food security, digital technology, computer science, software engineering, business and management, urban planning, medical and health sciences, hotel management and tourism, art and graphic design, climate change, green energy, data science, fintech, artificial intelligence, machine learning and earth and environmental science. Although new courses are being started in Indian universities, but the process is slow and they are also victims of inertia. It takes a lot of time to bring the changes made at the policy level to the ground in our universities and to provide suitable mechanism and resources for it. Excessive competition in Indian educational institutions, less number of seats, terrible imbalance of demand and supply, limited opportunities for research, lack of capable and experienced faculty, lack of flexibility in the selection of courses and subjects, excessive emphasis on theoretical and bookish knowledge as compared to practical and life-useful knowledge, neglectful attitude towards original, independent and critical thinking and analysis, lack of partnership between industry and educational institutions and complex process of reservation etc. are also factors that force Indian students to migrate to foreign universities. The good thing is that many important steps are being taken at the government level to provide the same features of higher education here, due to which a large number of Indian students are migrating to other countries of the world every year. Now, preparations are being made to provide such studies in the country itself by identifying the course of their choice. Recently, the University Grants Commission (UGC) has taken a corrective step and made internship compulsory along with graduation studies. This will give practical experience of the business world to the students. This will enable them to develop their knowledge and skills as per the demand of the industry. The National Credit Framework is also considered an important initiative towards measuring the ability of students. Under this, students will be given one mark for 30 hours of study. This framework will encourage them to develop their knowledge and skills in various fields. UGC Regulation-2024 also proposes major changes in the Indian education system, which aims to make it more flexible, inclusive and in line with global standards. The proposed reforms include biennial admission process in undergraduate and postgraduate programs, freedom to choose any course regardless of the previous academic stream, multidisciplinary teaching, opportunities and options to pursue two degrees simultaneously, obtain certificate, diploma or degree based on credits deposited and acquire knowledge based on prior education and skills etc. All these changes are welcome, which encourage creative, practical and skill-based knowledge as compared to rote learning and exam-centric teaching system.

# States should be active, steps should be taken on reforms

Madhya Pradesh has set a good example by passing the MP Jan Vishwas (Provision of Amendment) Bill 2024 last week. Its basis is the Jan Vishwas Act 2023 of the Central Government. The objective of this historic legislative initiative is to facilitate legal processes, ensure transparency and make the path easier for common citizens and entrepreneurs by promoting good governance. In modern times, the meaning of governance has not been limited to the management of rules and regulations but has expanded to create a favorable environment for individuals and entrepreneurs. The Modi government has been seriously active in this direction from the beginning. The Jan Vishwas Act, 2023 is an example of this, which is set to be given new dimensions with the proposed Jan Vishwas Bill 2.0. Through the Jan Vishwas Act, more than 40 criminal provisions have already been removed and in their place some financial compensation and relatively easy compliances have been arranged. The Jan Vishwas Act 2.0 takes this vision further by creating a framework that seeks to see citizens and businesses as collaborators rather than adversaries. Such governance reforms also lead to a host of tangible and intangible benefits beyond just reducing red tape. First, they enhance economic productivity by removing the burden of compliance requirements and helping enterprises focus on innovation and growth. These aspects are especially useful for small enterprises and startups, which often face regulatory hurdles. Second, by easing regulations, the government encourages entrepreneurship, diversifies the economy and promotes job creation. Third, minor cases are resolved outside the court purview, thereby reducing the burden on the judicial process and speeding it up. Fourth, it strengthens the foundation of trust between the government and citizens that the government values ??their partnership more than punishing them. The intangible benefits of these reforms are equally important. A governance model that does not involve unnecessary punishments, increases the sense of responsibility among citizens and enterprises for their actions. It develops a culture of trust and mutual accountability, which not only strengthens democracy but also builds a harmonious society. When regulatory burden is reduced and emphasis is placed on cooperation and coordination, the government strengthens the foundation on which citizens and enterprises are able to focus on innovation, growth and overall well-being. As a result, national progress gets wings. While the central government is taking various measures to reduce regulatory burden and strengthen the trust-based governance framework, state governments should also step up in the direction of such reforms. After all, in many day-to-day matters, citizens and enterprises have more to do with local bodies and state governments than with the center. Whether it is obtaining permits, resolving disputes, or access to essential public services, such tasks are mainly carried out at the local and state government level. In fact, whether it is ease of living or initiatives related to creating a smooth environment for businesses, they can be successful only when they are implemented properly from the top to the ground level. The key to removing the most prominent obstacles faced by individuals and enterprises lies mainly with the state governments. Most aspects related to the quality of public services, efficiency of governance and orienting life and enterprise in the right direction are affected at these levels. Therefore, the state and local bodies should understand their responsibilities and focus on meaningful initiatives and implementation. Madhya Pradesh has set a good example by passing the MP Jan Vishwas (Amendment Provision) Bill, 2024 last week. Its basis is the Jan Vishwas Act, 2023 of the Central Government. The objective of this historic legislative initiative is to make the path of common citizens and entrepreneurs easier by facilitating legal processes, ensuring transparency and promoting good governance. Under this bill, amendments have been made in 64 sections of five major departments, which include subjects of departments like Industrial Policy and Investment Promotion, Energy, Cooperation, Labor and Urban Development. Under this, provision of compensation instead of jail for minor mistakes and abolishing 920 irrelevant laws and making them compatible with the modern era are some of the major reforms. Undoubtedly, these reforms will help in promoting an efficient and business-friendly environment. Other states should also learn from Madhya Pradesh and move forward in this direction. Such reforms will help in removing all the obstacles and capitalizing on the economic potential of the state, which could not be fully capitalized till now due to various obstacles. However, this cannot be done in one go. The regulatory framework is better which can adapt itself according to the time and social needs. In such a situation, state governments should create such an institutional framework that can review the policies at regular intervals every five to 10 years and shed light on their results and current relevance. It is also possible to examine the policies and rules to what extent they are related to their basic objectives.

# मुसलमानों का सपा से हो चुका है मोहभंग..., कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने अखिलेश यादव पर साधा निशाना

मुरादाबाद। कुंदरकी के भाजपा विधायक रामवीर सिंह ने समाजवादी पार्टी और उसके मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया को अब खुद पता चल गया है कि मुसलमान उनसे और उनकी पार्टी से दूर हो गया है। भाजपा के कुंदरकी विधायक लोकनिर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में मीडिया कर्मियों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उप चुनाव में कुंदरकी विधानसभा में बड़ी हार के बाद से सपा और उसके नेता बौखलाए हैं। मीडिया के माध्यम से पता चला है कि सपा की ओर से चुनाव आयोग से कुंदरकी सहित उन सात सीटों के वीडियो फुटेज मांगे गए हैं। ऐसे में वह पूछते हैं कि क्या उन दो सीटों पर जहां सपा के प्रत्याशी जीते हैं वहां भाजपा की सरकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा की सरकार में लोगों का हक छीना गया, न लोगों को पारदर्शी तरीके से राशन वितरण हुआ, न बिजली मिली और न गरीब बच्चों को छात्रवृत्ति वितरण में ईमानदारी दिखाई गई। जबकि भाजपा सरकार में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों से सही तरीके से राशन बंट रहा है। बच्चों की छात्रवृत्ति भी योगी सरकार ने एक हजार रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये कर दिया है। उसका भुगतान सीधे बच्चों के अभिभावकों के बैंक खाते में जा रहा है, कोई बंदरबांट नहीं हो रहा है। इन सबको देखकर अब मुसलमानों का सपा से मोहभंग हो गया है। क्योंकि अभी तक सपा के लोग केवल मुसलमानों का वोट लेने के लिए इस्तेमाल करते थे। अब मुसलमानों का मोहभंग होता देखकर उन्हें फिर से भ्रमित करने के लिए सपा के लोग चुनाव आयोग से वीडियो रिकॉर्डिंग की सीडी मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुंदरकी में मुसलमानों के साथ ही उन्हें हर वर्ग का वोट और समर्थन मिला है। इसके बाद भी यदि सपा के लोगों को गलत लगता है तो मैं अखिलेश यादव से आग्रह करता हूं कि मैं इस्तीफा दे देता हूं और स्वयं मेरे सामने चुनाव लड़ लें उन्हें हकीकत पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को मुस्लिम छोड़ रहा है इसलिए वह लोगों को भ्रमित कर रहे हैं।



# मुन्ना भाई गिरफ्तार, दूसरे के स्थान पर दे रहा था परीक्षा

मुरादाबाद। रेलवे भर्ती बोर्ड की टेक्नीशियन ग्रेड-दो की परीक्षा में भी सॉल्वर गैंग ने सेंधमारी कर दी। एमआईटी में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर राजस्थान के अभ्यर्थी की जगह दूसरा व्यक्ति परीक्षा देते पकड़ा गया। वेन्यु इंचार्ज की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने राजस्थान निवासी आरोपी साल्वर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर माफी निवासी पप्पू राजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की ओर से टेक्नीसियन ग्रेड-दो के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। 26 दिसंबर को इसके लिए परीक्षा कराई गई। मुरादाबाद में एमआईटी कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। पप्पू राजा ने बताया कि वह इस परीक्षा केंद्र के वेन्यू इंचार्ज हैं। गुरुवार को परीक्षा के दौरान वह अपनी टीम के सदस्य शोभित कुमार, रजत, अरविंद कुमार, रोहित, मनोज, प्रेरक सिंह आदि के साथ ड्यूटी दे रहे थे। तभी रेलवे भर्ती बोर्ड ने एक रोल नंबर बताकर सूचना दिया कि उक्त रोल नंबर पर अभ्यर्थी की जगह सॉल्वर परीक्षा देने बैठा है। सूचना के बाद टीम ने एमआईटी परीक्षा केंद्र के कमरा नंबर 403 ए में सीट नंबर 41 पर बैठे अभ्यर्थी की जांच शुरू कर दी। जब टीम ने परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी का प्रवेशपत्र और आधार कार्ड से फोटो का मिलान कराया तो उसमें अंतर पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी को पकड़ लिया। पकड़ा गया युवक राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के मीना कलेता वामनवास निवासी लखन मीना है। उसने अपने मोहल्ले में ही रहने वाले रामकुमार मीना की जगह परीक्षा देने की बात स्वीकार की। जिसके बाद टीम ने आरोपी लखन मीना को सिविल लाइंस पुलिस के हवाले कर दिया। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि मामले में परीक्षा केंद्र के वेन्यू इंचार्ज पप्पू राजा की तहरीर पर आरोपी सॉल्वर लखन मीना और अभ्यर्थी रामकुमार मीना के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी के साथ ही उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी लखन मीना को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। दूसरे आरोपी रामकुमार मीना की तलाश की जा रही है।



# शिकायत के बाद गौरी शंकर मंदिर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी, मंदिर पर नहीं मिला किसी का कब्जा

**किन्नर ने कहा- वह तीन साल से कर रही मंदिर की देखभाल....डीएम बोले, रिपोर्ट मिलने के बाद मंदिर में पूजा-अर्जना की स्थायी व्यवस्था करेंगे, अतिक्रमण भी हटाएंगे**

मुरादाबाद। नागफनी थाना क्षेत्र में गौरी शंकर मंदिर को लेकर की गई शिकायत के बाद शुक्रवार को प्रशासनिक अमला मंदिर की जांच करने पहुंचा। जहां प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को मंदिर की देखभाल करती हुई मोहिनी किन्नर मिली। किन्नर का कहना है कि वह अकेले रहकर मंदिर की देखरेख करती है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि मंदिर के आसपास कुछ अतिक्रमण मिला है, इसे हटाने के साथ ही मंदिर में पूजा-अर्चना की स्थायी व्यवस्था की जाएगी। सेवाराम नामक व्यक्ति ने गुरुवार को हिंदू संगठन के साथ जिलाधिकारी अनुज सिंह व एसएसपी सतपाल अंतिल को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाया था कि नागफनी थाना इलाके के झब्बू के नाला स्थित मुस्लिम बस्ती में गौरी शंकर का प्राचीन मंदिर मौजूद है, जो उनका पुश्तैनी है। इसे लगभग 100 साल पूर्व उनके परदादा स्वर्गीय भीमसेन ने बनवाया था, लेकिन 1980 में हुए मुरादाबाद दंगे के दौरान वहां पर हालात बिगड़ गए थे और उनके परदादा भीमसेन की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद उनका परिवार वहां से पलायन कर थाना मझोला के लाइनपार में बस गया था। सेवाराम का आरोप था कि उन्होंने पूर्व में जब भी मंदिर पर जाने का प्रयास किया तो मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उन्हें डरा-धमका कर भगा दिया था। शिकायत मिलने के बाद शुक्रवार को एसडीएम सदर राम मोहन मीना की अगुवाई में प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और पूरे मंदिर की जांच की है। मंदिर से सटे मकान में रहने वाली मोहिनी किन्नर ने एसडीएम को बताया कि वह पिछले तीन साल से वह मंदिर परिसर की देखभाल कर रही है। इस बारे में डीएम अनुज सिंह ने बताया कि एसडीएम सदर को जांच के लिए मंदिर में भेजा गया था। जांच में किसी का कब्जा नहीं मिला है। पास में रहने वाली किन्नर ही पूजा-पाठ और मंदिर की देखरेख करती है। मंदिर के पास कुछ अवैध निर्माण मिला है, उसे हटवाने के साथ ही स्थायी रूप से पूजा-पाठ का इंतजाम कराया जाएगा। रतनपुर कलां के प्राचीन जैन मंदिर में बने लाइब्रेरी या डिस्पेंसरी- बिलारी तहसील के रतनपुर कला गांव में करीब 40 सालों से बंद पड़े जैन मंदिर को लेकर टीएमयू के चांसलर सुरेश जैन ने शुक्रवार को कहा है कि प्रशासन मंदिर की जमीन का उपयोग डिस्पेंसरी, लाइब्रेरी या फिर अन्य किसी सार्वजनिक कार्य में करे। गांव में अब जैन समाज का कोई परिवार नहीं रहता है। जैन मंदिर पिछले 4 दशक से बंद हैं और मूर्तियां दूसरे मंदिरों में भेज दी गई थीं, इसलिए इस मंदिर के जीर्णोद्धार की जरूरत नहीं है। सुरेश जैन ने शुक्रवार को मीडिया को प्रेस विज्ञप्ति जारी करके रतनपुर कला के जैन मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी साझा की। कहा कि बिलारी तहसील के गांव रतनपुर कला में करीब 40 साल पहले तक जैन धर्मावलम्बियों के 10 परिवार रहते थे। इनमें से कुछ व्यवसायी और कुछ किसान थे। धीरे-धीरे सभी यहां से पलायन कर गए और देश के अलग-अलग हिस्सों में बसे हैं। वर्ष 1985 में हुई डकैती की घटना के बाद जैन समाज के बाकी बचे लोगों ने भी गांव छोड़ दिया। इसके बाद से रतनपुर कला का प्राचीन जैन मंदिर बंद पड़ा है। उन्होंने कहा कि संभल की घटना के बाद पूरे प्रदेश में जगह-जगह प्राचीन मंदिर ढूंढे जा रहे हैं। ऐसे में रतनपुर कला गांव में प्राचीन जैन मंदिर भी सामने आया था। यह मंदिर अब खंडरनुमा स्थिति में है। कुछ लोग इस मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रतनपुर कला के प्राचीन जैन मंदिर में भगवान की जो प्रतिमाएं थीं उन्हें दूसरे मंदिरों में भेज दिया गया है। मंदिर में भगवान आदिनाथ की एक मूल प्रतिमा वर्ष 1985 में ही मझोला, मुरदाबाद मंदिर में आ गई थी। बाकी बची प्रतिमाएं भी पूजा के सामान सहित उसी वर्ष हल्द्वानी में स्थित जैन मंदिर में दे दी गयी थीं। सुरेश जैन ने कहा कि अब गांव में कोई जैन परिवार नहीं है, इसलिए इस गांव के जैन परिवार 4 दशक से बंद जैन मंदिर का जीर्णोद्धार नहीं चाहते हैं। सभी चाहते हैं कि जिला प्रशासन के जरिये प्रदेश सरकार इस मंदिर को अपने कब्जे में ले ले और यहां डिस्पेंसरी या लाइब्रेरी बना दी जाए या फिर कोई सार्वजनिक उपयोग किया जाए।




## संक्षिप्त समाचार

# मिनटों में लग्जरी कारों पर हाथ साफ करने वाला गिरफ्तार, गिरोह के तीन सदस्य फरार...यूट्यूब पर वीडियो देखकर करते थे चोरी

गिरोह के तीन सदस्य फरार, तीनों की तलाश कर रही पुलिस, कार खरीदने की मांग आने पर गिरोह करता था कारों की चोरी

मुरादाबाद। सिविल लाइंस पुलिस ने कार खरीदने की मांग आने पर चोरी करने और मिनटों में लग्जरी कारों पर हाथ साफ करने वाले हाइटेक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए मोहल्ला डोरिया



थाना नागफनी के रहने वाले मोहम्मद हसन को गिरफ्तार किया है। जबकि, गिरोह के सदस्य फहाद निवासी मोहल्ला नवाबपुरा, मोहम्मद आसिफ और मोहम्मद आमिर निवासी विशनपुर हरथला फरार हैं। तीनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। आरोपी के कब्जे से क्रेटा कार, एक तमंचा समेत एक कारतूस बरामद हुआ है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि थाना क्षेत्र से कार चोरी होने की शिकायतें मिल रही थी। जिस पर एक टीम गठित कर गिरोह की धरपकड़ के लिए लगाई गई थी। पुलिस टीम वेव माल के पीछे से आरोपी को चोरी की क्रेटा कार समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने इस कार को दिल्ली से चोरी किया था। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि गिरोह अपने परिवार के पालन पोषण के लिए चोरी का काम करते हैं। जिससे उन्हें काफी मुनाफा होता है। कार चोरी से कमाए गए रुपये को आपस में बांट लेते हैं। क्रेटा कार को बेचने के लिए जा रहा था कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ कुल तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। ऑर्डर पर चुराता था लग्जरी कार - आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह अपने साथियों के साथ कार चोरी करता था। आरोपी डिकोडर का इस्तेमाल भी करता है। उसका गिरोह हाईटेक है। डिकोडर के टेबलेट के जरिए कुछ मिनट में महंगी से महंगी कार का इलेक्ट्रिक लॉक खोल लेता है। उसके साथ गिरोह के अन्य बदमाश भी होते हैं। यह भी पता चला कि महंगी कार का ऑर्डर मिलने पर आरोपी उसे चुराकर साथियों के जरिए डिलीवरी करवा देता था। यू-ट्यूब पर वीडियो देखकर करते थे चोरी -आरोपी ने बताया कि वे वारदात से पहले यू-टयूब पर वाहन चोरी करने का वीडियो देखते थे। उसके बाद वह चोरी में इस्तेमाल करने वाले उपकरण को विभिन्न ऑनलाइन कंपनी से ऑर्डर कर खरीदते थे। कई उपकरण ऐसे हैं जिनकी कीमत करीब एक से दो लाख रुपये तक है। इन उपकरणों की मदद से चोर बिना चाबी के वाहन स्टार्ट भी कर लेते थे। गिरोह के सभी सदस्यों का काम बंटा हुआ था। कुछ लोग दिन में रेकी करते थे।

# साली को उठा ले गया जीजा, जबरन करना चाहता है शादी...पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## कटघर थाना क्षेत्र का मामला, पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र की एक युवती को उसका जीजा ही अपने साथ लेकर चला गया।

युवती के पिता को फोन कर जबरन उसके साथ निकाह करने की जिद पर अड़ा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के रहमतनगर गली नंबर एक के रहने वाले शाकिर ने बताया कि 18 दिसंबर की शाम 6 बजे उसकी 22 वर्षीय बेटी नाजिया घर से पड़ोस में जाने की बात कहकर घर से निकली। काफी समय बीतने के बाद भी जब वह वापस नहीं आई तो उसकी तलाश की गई। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चल सका। अगले दिन उन्होंने अपने दामाद दिलशाद निवासी शरीफ नगर गली नंबर एक को फोन किया। जिस पर उसने कहा कि उनकी बेटी उसके पास है। दिलशाद ने कहा कि वह नाजिया के साथ निकाह करना चाहता है। इसकी शिकायत पीड़ित ने किशवरी पत्नी मोहम्मद हुसैन इरफान से की। आरोप है की सभी आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। साथ ही बोले कि शादी उसी से करेगा जो करना है कर लो। सभी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# फर्जीवाड़ा कर 3.39 करोड़ रुपये का गबन, तत्कालीन शाखा प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मामले की विवेचना ईओडब्ल्यू की टीम कर रही है, जांच की गई तेज, ईओडब्ल्यू के महानिदेशक के आदेश पर सिविल लाइंस में रिपोर्ट

मुरादाबाद। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की मोरा मुस्तकम शाखा में लोन में फर्जीवाड़ा कर गबन का मामला सामने आया है। आरोप है कि बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक और सहायक प्रबंधक ने अन्य लोगों के साथ मिलकर हाउसिंग लोन और ई-रिक्शा लोन में फर्जीवाड़ा कर 3.39 करोड़ रुपये का गबन कर लिया। बैंक के वर्तमान शाखा प्रबंधक की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गबन की जांच ईओडब्ल्यू लखनऊ की टीम कर रही है। यह मुकदमा भी ईओडब्ल्यू के महानिदेशक के आदेश पर लिखा गया है। सिविल लाइंस के रामगंगा विहार निवासी किसलय कुमार ने बीते 14 अक्टूबर को पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) लखनऊ के महानिदेशक को पत्र लिखकर गबन की शिकायत की थी। जिसमें किसलय कुमार ने बताया कि वह प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की मोरा मुस्तकम शाखा में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। किसलय कुमार के अनुसार सिविल लाइंस कांठ रोड पैसिफिक स्टार होम निवासी साईं प्रकाश बैंक की इसी शाखा में 15 जनवरी 2018 से 3 अगस्त 2021 तक शाखा प्रबंधक रहे। इसके अलावा बिजनौर के रामलीला ग्राउंड सेकंड लाइन निवासी मनोज कुमार इसी शाखा में 7 मई 2018 से 5 अगस्त 2021 के बीच सहायक प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के अनुसार बैंक की ओर से कराई गई आंतरिक जांच में हाउसिंग और ई-रिक्शा लोन खातों में धन की हेराफेरी का पता चला है। इस दौरान जांच में पाया गया कि दोनों अधिकारियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने कार्यकाल में 47 हाउसिंग और ई-रिक्शा लोन में गड़बड़ी की है। इन दोनों ने फर्जी आयकर रिटर्न (आईटीआर) दस्तावेज के आधार पर हाउसिंग लोन स्वीकृत किए। इसके बाद जारी की गई किस्त की चरणवार उपयोग की पुष्टि किए बिना बाद की किस्त भी जारी करके बैंक के धन का दुरुपयोग किया। इसी तरह ई-रिक्शा ऋण खातों में ई-रिक्शा खरीद के लिए धन के उपयोग की पुष्टि नहीं की गई। उक्त शिकायत पर ईओडब्ल्यू निदेशक लखनऊ ने प्रारंभिक जांच के बाद एफआईआर के आदेश दिए थे। सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि ईओडब्ल्यू के महानिदेशक के आदेश के अनुसार वरिष्ठ शाखा प्रबंधक किसलय कुमार की तहरीर के आधार पर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की मोरा मुस्तकम शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक साईं प्रकाश, सहायक प्रबंधक मनोज कुमार और अज्ञात के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज से गबन करने, जालसाजी समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पूरे मामले की विवेचना ईओडब्ल्यू द्वारा की जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# बीबीएल पब्लिक स्कूल अलखनाथ मार्ग दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ शुभारम्भ

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- बीबीएल पब्लिक स्कूल की अलखनाथ शाखा में लगी दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी आईएएस जगप्रवेश ने विद्या-प्रदायिनी देवी ज्ञानदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात् प्रदर्शनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे रिबन को काटकर हस्त-निर्मित मॉडलों का अवलोकन किया। 'पंचमहाभूत' को आधार मानकर विभिन्न विषयों के सौ से अधिक मॉडल विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित किये गये। प्रदर्शनी में आगन्तुकों के मानसिक व्यायाम हेतु खेल व जलपान के लिए भी स्टॉल लगाये गये। विद्यालय के उन मॉडलों का भी प्रदर्शन किया गया जो राज्य स्तर पर सी0बी0एस0ई0 /इंस्पायर द्वारा पुरस्कृत होने के पश्चात् राष्ट्रीय स्तर की प्रस्तुति हेतु तैयार हैं। इन सबके अतिरिक्त नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों ने पाँचों तत्वों को प्रदूषण से बचाने व मातृ भाषा हिंदी के महत्त्व को समझने का संदेश दिया। पंचतत्वों पर आधारित सभी विषयों के मॉडल, कला, संगीत, खेल एवं नुक्कड़ नाटक इत्यादि सभी प्रस्तुतियों की समस्त अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहना कर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। अभिभावकों ने प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व व शिक्षकों के सहयोग के लिए कृतज्ञता प्रकट करते हुए विद्यार्थियों की क्षमताओं एवं विचारशीलता की प्रशंसा की। समस्त छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास हेतु एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। जिसका लाभ उठाकर विद्यार्थी अपनी क्षमताओं मे वृद्धि कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक महोदय श्री सर्वेश अग्रवाल जी ने समस्त विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाते हुए कहा कि सभी मॉडल व उनसे दिए जाने वाले संदेश समाज को एक नई दिशा देंगे। सभी विद्यार्थियों का प्रयास उत्कृष्ट था। निश्चित ही इन सभी की प्रतिभा भविष्य में विद्यालय के लिए ही नहीं अपितु देश के लिए भी गौरव का विषय होगी। विद्यार्थियों की लगन व उत्साह की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 श्यामेश शर्मा जी ने कहा कि लक्ष्यप्राप्ति में लगन व उत्साह उत्प्रेरक का कार्य करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी विद्यालय उन्हें ऐसे अवसर उपलब्ध कराता रहेगा ताकि उनकी रचनात्मकता, मौलिकता व शोध की प्रवृत्ति को उचित दिशा मिल सके ।।




# आकांक्षा हत्याकांड का खुलासा: प्रेमी ने दोस्त के साथ मिल की थी हत्या.. शव को लगाया ठिकाने, करना चाहता था शादी

उत्तराखंड की रहने वाली आकांक्षा की हत्या उसके प्रेमी मोहित सैनी और उसके दोस्त ने की। मोहित के परिवार के दबाव में आकर उसने आकांक्षा से छुटकारा पाने के लिए हत्या की साजिश रची।



पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।भोजपुर में हुए सनसनीखेज आकांक्षा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। उत्तराखंड के काशीपुर की रहने वाली अंजली उर्फ आकांक्षा की हत्या उसके प्रेमी मोहित सैनी और उसके दोस्त ने मिलकर की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।आकांक्षा और मोहित के बीच तीन साल से प्रेम संबंध थे। आकांक्षा ने मोहित के साथ प्रेम विवाह किया था और दोनों उधमसिंहनगर के न्यू केशवपुरम कॉलोनी में किराए के कमरे में रहते थे। हालांकि, मोहित के परिवार वाले उसकी शादी किसी अन्य लड़की से करना चाहते थे।इसलिए वह परिवार के दबाव में था। लंबे समय से वह आकांक्षा से छुटकारा पाना चाहता था। इस मकसद के लिए मोहित ने अपने दोस्त से मदद ली और दोनों ने मिलकर आकांक्षा की हत्या की साजिश रची। बृहस्पतिवार को आकांक्षा की छोटी बहन अनीता ने सोशल मीडिया पर एक महिला के शव की फोटो देखी। इसमें उसके साथ पर आकांक्षा का नाम लिखा हुआ था। अनीता ने तुरंत पुलिस थाने में पहुंचकर शव की शिनाख्त की। शव भोजपुर थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव के पास मुरादाबाद-काशीपुर मार्ग पर पड़ा हुआ था। आकांक्षा के पिता भूरा कश्यप ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या मोहित और उसके दोस्त ने मिलकर की है। बताया कि मोहित और उसका दोस्त आकांक्षा को बुधवार सुबह करीब चार बजे बाइक पर लेकर गए थे और इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। पुलिस ने जांच में पाया कि आकांक्षा की हत्या गला रेतकर की गई थी और शव को हाईवे के किनारे फेंक दिया गया था। मोहित ने अपनी पत्नी के लापता होने की झूठी जानकारी दी और अनीता को बताया कि उसकी बहन लापता है। अनीता ने हिम्मत दिखाई और अपनी बहन के किराए के कमरे तक पहुंची। जहां मकान मालिक से पता चला कि मोहित अपनी पत्नी आकांक्षा को अपने दोस्त के साथ बाइक पर ले गया था। इस जानकारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। दोनों आरोपियों ने हत्या की सच्चाई कबूल कर ली है। पुलिस ने दोनों आरोपियों मोहित सैनी और उसके दोस्त के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## पुलिस भर्ती: परीक्षा में फेल...फर्जी प्रवेश पत्र बनाकर शारीरिक मानक परीक्षण को पहुंची महिला अभ्यर्थी; पकड़ी गई

पुलिस भर्ती परीक्षा में फेल होने पर महिला अभ्यर्थी फर्जी प्रवेश पत्र बनाकर शारीरिक मानक परीक्षण को पहुंची। जांच के दौरान पकड़ी गई। इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।यूपी के श्रावस्ती में पुलिस भर्ती परीक्षा में असफल युवती शुक्रवार को फर्जी प्रवेश पत्र लेकर संवीक्षा व शारीरिक मानक परीक्षण के लिए पुलिस लाइन पहुंच गई। प्रवेश पत्र फर्जी मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

उसके विरुद्ध भिनगा कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि पुलिस लाइन में पुलिस भर्ती के संवीक्षा व शारीरिक मानक परीक्षण कराया जा रहा था। इस दौरान महिला अभ्यर्थी रिचा सिंह पुत्री राधेश्याम सिंह निवासी फरदा सुमेरपुर थाना पयागपुर जिला बहराइच ने कूट रचित प्रवेश पत्र प्रस्तुत किया। जांच के दौरान पाया गया कि प्रवेश पत्र में दर्ज रोल नंबर फर्जी था। यह किसी अन्य अभ्यर्थी का था। साथ ही यह भी खुलासा हुआ कि महिला अभ्यर्थी परीक्षा में फेल हो गई थी। इसके बावजूद उसने स्वीट स्नैप एप के माध्यम से अपने प्रवेश पत्र को एडिट कर उत्तीर्ण अभ्यर्थी का अनुक्रमांक जोड़कर फर्जी दस्तावेज तैयार किया। इस मामले में प्रभारी पुलिस परीक्षा भर्ती बोर्ड श्रावस्ती के निरीक्षक श्याम बहादुर सिंह ने युवती के टैबलेट और प्रपत्रों को कब्जे में लेकर भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं आरोपी रिचा सिंह को रोडवेज बस स्टाप से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# महाकुंभ में मेले को साफ सफाई प्रदूषण रोकने हेतु पर्यावरण संरक्षण संस्था द्वारा अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज बाजपेई के कैंप ऑफिस में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। कि महाकुंभ के लिए एक थाली और एक थैला दान में लिया। यह अभियान एक नवंबर2024 से प्रयागराज में शुरू हुआ था।महाकुंभ में प्रदूषण रोकने के लिए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था कुंभ में सभी श्रद्धालुओं को एक थाली एक थैला वितरण करेगी। कुंभ मेले को स्वच्छ बनाए रखने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।गंगा मैया प्रदूषित न हो। हर व्यक्ति बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है। विशेष रूप से बरेली के लोगों का हमें सहयोग मिल रहा है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था ने निर्णय लिया है। कि महा कुंभ को साफ और स्वच्छ रखना है। जिसमें जय नारायण के प्रिंसिपल रवि शरण चौहान, ललित मौर्य विवेक मिश्रा,पुत्तन सक्सेना, आदि उपस्थित रहे।



# तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी टक्कर, बाबा समेत दो की मौत; पिता-पुत्र की हालत नाजुक

बाराबंकी में तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में बाबा समेत दो की मौत हो गई। जबकि पिता-पुत्र की हालत नाजुक बनी हुई है।यूपी के बाराबंकी में शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक ने स्विफ्ट डिजायर कार में टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो ने केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि, दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है।हादसा बड्डूपुर थाना क्षेत्र में लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर हुआ। मूल रूप से बहराइच जिले के हर्दी थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी राम प्रताप तिवारी (80), उनके पुत्र चुनऊ तिवारी (55), नाती आनंद बाजपेई (55) और नाती के दोस्त नीरज बाजपेई (30) के साथ दवा लेने लखनऊ जा रहे थे। हादसे में चारों लोग घायल हो गए।केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के लिए कर दिया रेफर-सागर पब्लिक स्कूल के पास लखनऊ से महमूदाबाद की ओर जा रहे गैस सिलिंडर से लदे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। सूचना पर बड्डूपुर और कुर्सी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल भेजा। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ के केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने यातायात बहाल कराया वहां पर इलाज के दौरान राम प्रताप तिवारी और नीरज बाजपेई की मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और ट्रक को हटाकर यातायात बहाल कराया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया है। मामले की जांच की जा रही है।



# मुरादाबाद में झमाझम बरसे बादल: पहाड़ों की सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंडक, पारा गिरने से जनजीवन प्रभावित..

मुरादाबाद में झमाझम बारिश और तेज हवाओं के चलते ठंड बढ़ने से जनजीवन प्रभावित हो गया। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज बदला रहेगा।मुरादाबाद मंडल में शनिवार को झमाझम बारिश होने के साथ ठंड ने जोर पकड़ लिया है। बारिश के साथ तेज हवाओं ने मौसम को और सर्द बना दिया। तापमान में अचानक गिरावट के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ। शनिवार को सुबह से ही बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं का असर दिखा। दोपहर में तेज बारिश शुरू हो गई जो रुक-रुक कर शाम तक जारी रही। इस दौरान लोग घरों में ही सिमटे रहे, जबकि बाहर निकलने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहकर 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में नमी सुबह 86 फीसदी और शाम को 78 फीसदी रही। उत्तर से दक्षिण दिशा में हवा की गति 10-15 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई।मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि रविवार को भी ठंडक बनी रहेगी। हालांकि, बारिश के आसार कम हैं, लेकिन बादल छाए रह सकते हैं। दिनभर ठंडी हवाओं के चलते ठिठुरन महसूस होगी। 30 दिसंबर तक कोहरा छाने और ठंड बढ़ने का अनुमान है। इससे पहले शुक्रवार सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ था। बादल छाने के अलावा ठंडी हवा भी चल रही थी। समय के साथ ठंड और बढ़ती गई।सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने में भी अभिभावकों को परेशानी हुई। दिन में भी वाहनों की रफ्तार सामान्य दिनों से धीमी ही रही। शाम होते-होते बूंदाबांदी शुरू हो गई। देर रात तक हल्की बारिश और तेज हवा चल रही थी। मौसम विज्ञान विभाग के डाटा संग्रह केंद्र के अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम है।न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक था। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी रही। वातावरण में सुबह की नमी 84 फीसदी थी, जो शाम को 75 रही। उत्तर से दक्षिण दिशा में हवा की गति पांच से दस किलोमीटर प्रति घंटा रही।मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से यह बारिश हो रही है। शनिवार को भी बादल छाने के अलावा बारिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह में सामान्य तौर पर चार से पांच पश्चिमी विक्षोभ आते हैं, लेकिन इस बार सिर्फ दो ही पश्चिमी विक्षोभ आए हैं और यह भी बहुत हल्के रहे हैं। हालांकि 30 दिसंबर के आसपास कोहरा छाने का अनुमान है।कोहरे के कारण ट्रेनें हो रहीं लेट-कोहरे के कारण ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला जारी है। अवध-असम एक्सप्रेस, आला हजरत एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनें एक घंटे से भी अधिक देरी से रामपुर पहुंचीं। अप-डाउन की अधिकतर ट्रेनें देरी से चल रही हैं। ऐसे में सर्द रातों में यात्री ट्रेन के इंतजार में ठिठुरते नजर आ रहे हैं। अवध-असम एक्सप्रेस का रामपुर आने का समय सुबह 11=30 बजे का है, जबकि यह ट्रेन रामपुर में 12=30 बजे पहुंची।




प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# लगातार बारिश से आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। पिछले दो दिनों से हो रही रिमझिम बरसात से आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।नगर में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में शनिवार को बारिश के चलते भारी कीचड़ होने से दर्जनों वाइक सवार उसमें फिसल कर गिरते रहे। वहीं रोज मजदूरी कर परिवार चलाने वालों के सामने भी काम न मिलने से समस्या उत्पन्न हो गई। वहीं सर्दी भी बढ़ गई है।



# नवाबगंज तहसील के ग्राम परापुर में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी की नुक्कड़ सभा आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- बरेली, नवाबगंज तहसील। भदपुरा ब्लॉक के ग्राम परापुर में गांव चलो अभियान के तहत अंबेडकर पार्क पर भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भदपुरा ब्लॉक अध्यक्ष आकाश बाबू ने किया। नुक्कड़ सभा में ग्रामीणों के बीच बहुजन विचारधारा का प्रचार-प्रसार करते हुए महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। सभा में वक्ताओं ने देशभर में भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद और राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह जी के आंदोलन को मजबूती प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर भीम आर्मी बरेली मंडल अध्यक्ष विकास बाबू एडवोकेट ने कहा, महापुरुषों के विचार हमें समानता, शिक्षा और भाईचारे की राह पर ले जाते हैं। हमें अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करना होगा।卐 कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष दुर्वेश अली अंसारी, जिला उपाध्यक्ष डॉ. रूपकिशोर प्रजापति, और विधानसभा अध्यक्ष सुरजीत गौतम ने भी संबोधित किया। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और बहुजन आंदोलन को मजबूत करने की शपथ ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।



# तार खींचते समय हाईटेंशन टावर गिरा, आठ मजदूर घायल, तीन की हालत नाजुक

प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों के बीच बड़ा हादसा हुआ है। तार खींचते समय ब्रिज टावर गिर गया। हादसे में एक मजदूर का पैर कट कर अलग हो गया। दो मजदूर टावर के नीचे दब गए।प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों के बीच बड़ा हादसा हो गया। हाईटेंशन तार खींचते समय टावर गिर जाने से आठ मजदूर घायल हो गए। हादसे में एक मजदूर का पैर कटने की बात सामने आ रही है। कई मजदूर टावर के नीचे दब गए। हादसे में कुल आठ मजदूर घायल हुए हैं। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरायइनायत थाना क्षेत्र के जगबंधनपुर सहसों गांव में रिंग रोड के पास हाईटेंशन तार खींचने का कार्य चल रहा था। तार खींचते समय खंभा टूटकर नीचे गिर गया, इससे पांच मजदूर घायल हो गए हैं



# डा0मनमोहन सिंह जी के अवसान पर कांग्रेस जनों द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

भारतीय राजनीति में सौम्यता और ईमानदारी का प्रतीक रहे , शोर शराबे और दिखावे से कोसो दूर रहे तथा खामोशी से देश को प्रगति के पथ पर रफ़्तार देने वाले डा0मनमोहन सिंह जी के अवसान पर आज कांग्रेस जनों द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य तथा पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा में पूर्व प्रधानमंत्री को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जाना वास्तव में देश की राजनीति में सौम्यता के युग का अवसान है। प्रधानमंत्री तथा उससे पहले देश के वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में जो भूमिका निभाई , वह किसी प्रशंसा की मोहताज नहीं है । अविभाजित पंजाब में एक सामान्य परिवार में जन्मे तथा अर्थशास्त्र में



डॉक्ट्रेट की उपाधि विश्वप्रसिद्ध कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से प्राप्त कर उन्होंने देश में केंद्र सरकार के आर्थिक सलाहकार योजना आयोग के उपाध्यक्ष, और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में कार्य किया था । अपनी शिक्षा के कारण देश के महत्पूर्ण पदो पर कार्य करने के बाद देश के प्रधानमंत्री बने । देश की ऊर्जा जरूरतों के मद्देनजर अमेरिका के साथ परमाणु समझौता कर उन्होंने अपनी निर्णय क्षमता का परिचय दिया । सर्वोच्च राजनैतिक पद पर होते हुए भी अहंकार उन्हें तनिक भी छू सका । डॉ सिंह ने पक्ष विपक्ष सभी से हमेशा मधुर संबंध बनाए रखे । श्रद्धांजलि सभा में श्री वैभव गर्ग,प्रवीण तरार,ओमवीर उपाध्याय,सोमदेव तोमर,विनोद अत्री,शेखरपाल, सोहिल धीमान,सुरेन्द्र सरोहा,रविन्द्र आर्य एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे ।

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने थाना एट मे समस्याएं सुनी, जन समस्याओं को समस्या सीमा के अंदर निपटाने के निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) कोंच सर्किल के थाना एट मे आज शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार मौजूद रहे थाना ऐट पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिका रियों/ कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया जिलाधिकारी राजेश पांडेय ने सभी राजस्व कर्मियों को निर्देशित




किया कि भूमि विवाद हेतु गठित संयुक्त टीम के द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर विवाद निस्तारण करे फ़ैमिली आईडी और फार्मर रजिस्ट्री पर भी जोर दिया गया पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार ने पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए पुलिस अधीक्षक ने ग्राम चौकीदारों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया । इस अवसर पर एट थाने के प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार अतिरिक्त इंस्पेकटर महेश चौधरी दरोगा नरेंद्र सिंह दरोगा राम निवास यादव दरोगा देवेंद्र भदोरिया सिपाही विकास पटेल सहित आदि कई अधिकारी कर्म चारी मौजूद रहे।

आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना ,क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 9077776991

# इस नामी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से हुआ बड़ा फर्जीवाड़ा, 4 दलाल पकड़ाए

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के निजी अस्पतालों में स्वस्थ लोगों को लाकर भर्ती कराया जा रहा है और ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि आयुष्मान योजना में गड़बड़ी की जा सके और सरकार को चुना लगाया जा सके. पकड़े गए 4 दलाल छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के निजी अस्पतालों में स्वस्थ लोगों को लाकर भर्ती कराया जा रहा है और ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि आयुष्मान योजना में गड़बड़ी की जा सके और सरकार सूरजपुर जिले के मोहरसोप नामक अंबिकापुर के मेडिकल माता राज करने के लिए स्वस्थ लोगों को लाया राज मेमोरियल अस्पताल का पूरा पिछड़ी जनजाति के लोगों को कराया जा रहा है और इस काम में लगा हुआ है. ऐसा हम नहीं कह रहे हैं मेडिकल ऑफिसर का कहना है. मोहरसोप के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उसके इलाके से पंडो जनजाति के लोगों दलालों के द्वारा भर्ती कराया जा रहा है. को कार से आयुष्मान कार्ड, आधार जाते हैं और वहां लोगों को 5 दिनों तक मेडिकल ऑफिसर ने चार दलाल समेत जानकारी पुलिस को दी है, लेकिन अब दबाव बनाया जा रहा है. दूसरी तरफ कि वे किस तरीके से स्वस्थ लोगों को में ले जाकर भर्ती कराते हैं और अस्पताल



को चुना लगाया जा सके. इसका खुलासा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ है. जब यहां से मेमोरियल अस्पताल में दलालों के द्वारा भर्ती जा रहा था तो पूरा मामला सामने आया है. माता मामला- सरगुजा संभाग के पिछले क्षेत्र से विशेष अंबिकापुर के निजी अस्पताल में लाकर भर्ती अंबिकापुर का माता राज मेमोरियल अस्पताल बल्कि इस पूरे मामले का खुलासा करने वाले सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड क्षेत्र स्थित मेडिकल ऑफिसर को जानकारी मिली कि को अंबिकापुर के निजी अस्पतालों में ले जाकर आयुष्मान कार्ड से बड़ा फर्जीवाड़ा- दलाल लोगों कार्ड और राशन कार्ड के साथ लेकर अस्पताल भर्ती रखा जाता है. इसकी जानकारी मिलने पर स्वस्थ लोगों को पकड़ लिया और इसकी मामले को दबाने मेडिकल ऑफिसर पर भी पकड़े गए दलाल भी कैमरे के सामने बता रहे हैं अंबिकापुर के माता राज मेमोरियल अस्पताल के संचालक नरेंद्र सिंह टुटेजा उन्हें सहयोग करते हैं. ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी निजी अस्पतालों की किस तरीके से मॉनिटरिंग कर रहे हैं क्योंकि पहले भी आयुष्मान योजना में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा का मामला छत्तीसगढ़ में सामने आ चुका है और कई अस्पतालों की संलिप्तता भी उजागर हो चुकी है लेकिन इसके बाद भी लापरवाही बढ़ती जा रही है और निजी अस्पतालों को लगातार आयुष्मान कार्ड के तहत फर्जी क्लेम का भुगतान किया जा रहा है.खुलासा होने पर अधिकारियों ने की लीपापोती-इतना तो तय हो गया है कि अंबिकापुर के निजी अस्पताल आयुष्मान कार्ड में बड़े स्तर पर घोटाला कर रहे हैं और स्वस्थ लोगों को भी अस्पताल में भर्ती कर सरकार के सामने इलाज करने का क्लेम कर रहे हैं ऐसे में जरूरी हो जाता है कि सरकार को मामले की गंभीरता से जांच करानी चाहिए क्योंकि इससे पहले भी मैनपाट क्षेत्र के माझी जनजाति के लोगों को अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराकर योजना में फर्जीवाड़ा करने की बात सामने आई थी लेकिन तब अधिकारियों ने मामले में लीपापोती कर दी थी.वहीं इस गड़बड़ी पर माता राज मेमोरियल अस्पताल के संचालक नरेंद्र सिंह टुटेजा का कहना है कि ऐसी गड़बड़ी नहीं हो रही है, जो मरीज अस्पताल में आते हैं उन्हें डॉक्टर भर्ती करते हैं और इलाज करते हैं.

# पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

मोठ -पुलिस ने लूट की घटना अंजाम दे रहे 3 शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार उनके कब्जे से लूटे गए सोने के आभूषण नगदी मोटरसाइकिल सहित अवैध हथियार मोबाइल फोन बरामद कि थाना



क्षेत्र के शाहजहांपुर निवासी विष्णु राजपूत की शिकायत पर लूट का मामला पंजीकृत किया गया इस मामले में लूटे गए आभूषणों और अन्य सामान की कीमत करीब ?1 लाख थी घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश में पुलिस टीम ने अपराधियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित की गई वही आज शाहजहांपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बाजीता से काण्डौर की ओर जाने वाली सड़क पर बनी झोपड़ी के पास छापा मारा जहां से आकाश चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी वराठा ,बृजेश उर्फ कालीबान उम्र 23 वर्ष निवासी पुलिया ,अभिषेक राज उर्फ अभिराज उम्र 22 वर्ष निवासी छपरा को गिरफ्तार किया अभियुक्त के कब्जे से एक मंगलसूत्र दो कान के टाक्स कुछ रुपए एक सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल देसी तमंचा दो जिंदा कारतूस फोन बरामद किए गिरफ्तार अभियुक्तों पर थाना शाहजहांपुर में धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेसकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उप निरीक्षक आदित्य कुमार अवस्थी उप निरीक्षक प्रति कांस्टेबल नीरज कुमार आरक्षी रवि कुमार शामिल रहे

# पुलिस का मानवीय चेहरा,भूखे को कराया भोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -अमरीक सिंह

थाना स्थानीय पर आयोजित थाना समाधान दिवस में आवेदिका/पीड़िता राम बच्ची पत्नी राम बख्श सिंह निवासी गेंडा सिंह पुरवा दा कुरवारी माफी थाना मटेरा जनपद बहराइच द्वारा श्रीमान



थानाध्यक्ष महोदय महोदय के समक्ष उपस्थित होकर अपने बेटे व पतोहू द्वारा सेवा सुषुरसा न करने के विषय में प्रार्थना पत्र दिया गया । पीड़िता भूखी प्यासी थाने पर पहुंची थी । श्रीमान थानाध्यक्ष महोदय द्वारा पीड़िता को भोजन आदि कराकर मुझ आरक्षी को प्रकरण के त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया । श्रीमान थानाध्यक्ष महोदय के निर्देश के क्रम में मुझ आरक्षी द्वारा पीड़िता को अपने साथ लेकर आवेदिका के घर पहुंच कर आवेदिका के बेटे बहु को गांव के संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष समझाया बुझाया गया । उभय पक्ष संतुष्ट है । आवेदिका के बेटे बहु को हिदायत मुनासिब किया गया कि भविष्य में शिकायत मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी । पीड़िता को यह आश्वासन दिया कि प्रत्येक सप्ताह मुझ आरक्षी द्वारा आवेदिका के घर आकर हाल चाल लिया जाता रहेगा ।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा प्रसाद योजनान्तर्गत माँ बागेश्वरी मंदिर कुदरगढ़ के विकास हेतु पत्र प्रेषित

क्यूँ न लिखूँ सच

छत्तीसगढ़ शासन की महिला बाल विकास एवम समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने माँ बागेश्वरी मंदिर में सर्वांगीण विकास कार्यो हेतु प्रसाद योजनांतर्गत विभिन प्रकार के लाभ हेतु सचिव छ ग शासन को पत्र लिख भारत सरकार को पुनः स्मरण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए है जिससे विधानसभा



भटगावँ में माँ बागेश्वरी धाम में रोप वे,हेलीपेड,यज्ञ शाला, ज्योति कक्ष,सीढ़ी निर्माण,शेड ,हाई मास्क लाइट, सी सी टी वी,पेय जल,सेस्क्युरिटी चेक पॉइन्ट, जल,शैचालय,हर्बल गार्डन,हाट बाजार,अपशिष्ट प्रबंधन,यात्रियों के सुविधा हेतु बैटरी वाहन,स्टॉप डेम विकास,प्रसाद किचन,प्रतीक्षालय आदि विकास कार्य सम्पन्न किये जा सकेंगे

### रेडक्रॉस जिला प्रबंध समिति के सदस्य के निर्वाचन हेतु नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम निर्धारित

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कार्यालय इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा द्वारा रेडक्रॉस जिला प्रबंध समिति के चुनाव कराने हेतु



दिए गए निर्देश के तहत प्रबंध समिति सदस्य के निर्वाचन हेतु नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम ( समय अनुसूची ) निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम के अनुसार 27 दिसंबर 2024 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर के कक्ष क्र 05 में श्री लक्षन धारी सिंह के समक्ष सुबह 10-30 से शाम 05-00 बजे तक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन एवं दावें तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। दावा आपत्तियां प्राप्त करने की अतिंम तारिख एवं समय 04 जनवरी 2025 समय शाम 05 बजे तक होगा तथा निर्वाचन नामावली का अतिंम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 निर्धारित है।

### 15 लीटर हाथभट्टी निर्मित कच्ची महुआ मदिरा बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-आबकारी वृत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम श्यामनगर थाना भटगांव जिला सुरजपुर निवासी धनेश्वर यादव पिता मोहर लाल



उम्र 40 वर्ष के कब्जे से 15 लीटर हाथभट्टी निर्मित कच्ची महुआ मदिरा बरामद कर जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34( 1 )क, 34( 2 ) 59( क ) के तहत प्रकरण दर्ज आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिला किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में वृत प्रतापपुर प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा, आबकारी मुख्य आरक्षक कृष्णा कुशवाहा, पारस नाथ राजवाड़े, आबकारी आरक्षक कमलेश्वर राजवाड़े, महिला सैनिक बिंदु राजवाड़े, देवेंद्र कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# मिर्ज़ा पुर से कटिलिया तक बनेगी टूलेन सड़क

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती - श्रावस्ती व बहराइच जिले की सीमा को जोड़ने वाली मिर्जापुर कटिलिया सड़क के दिन



बहुरेंगे। चार किलोमीटर तक की सड़क टू लेन की बनेगी। इससे आवागमन आसान हो जाएगा। अभी तक इस सड़क से निकलना आसान नहीं होता था। कारण है कि सड़क टूट कर तालाब के रूप में बदल गई थी। बरसात में तो इस सड़क से निकलना आसान नहीं होता था। विकास क्षेत्र जमुनहा के मिर्जापुर चौराहे से कटिलिया चौराहा तक चार किलोमीटर सड़क का निर्माण नए सिरे से टू लेन का होगा। अभी तक इस सड़क की हालत खराब थी। सिंगल सड़क पर जगह जगह गड्ढे बन गए थे। जिसके कारण लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया था। बरसात में तो इस सड़क पर जगह जगह पानी भर जाता था। जिससे अनुमान लगाना मुश्किल होता था कि कहां सड़क है। यह सड़क- श्रावस्ती और बहराइच जनपदों के दर्जनों गांवों को एक दूसरे से जोड़ती है। इसके साथ ही बहराइच जाने के लिए लोग इसी सड़क से होकर जाते हैं। सड़क खराबी का दंश झेल रहे लोगों ने कई बार आवाज उठाई। शासन की ओर से इस सड़क के चौड़ीकरण और दोबारा निर्माण के लिए शासन की ओर से हैं। 1349.83 लाख रुपए मंजूर किए जिसमें से 674.91 लाख रुपए अवमुक्त कर दिए गए हैं। विधायक ने भी सड़क निर्माण के लिए लिखा था पत्र: लोगों की समस्या को देखते हुए जल्दी शुरू होगा सड़क निर्माण का काम लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शासन से मंजूरी मिल गई है। जल्द ही कटलिया चौराहा से मिर्जापुर चौराहे तक चार किलोमीटर सड़क का चौड़ी करण व नए सिरे से निर्माण कराया जाएगा।

## एट मे सीएचसी केंद्र का डीएम राजेश पांडेय पर एसपी डा दुर्गेश कुमार ने निरीक्षण किया

क्यूँ न लिखूँ सच -राजेंद्र विश्वकर्मा

कोंच( जालौन ) - डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने थाना एट मे सीएससी पर फार्मर रजिस्ट्री व फैमिली आईडी हेतु चल रहे कैम्प का औचक निरीक्षण किया गया। उपस्थित किसानों को फार्मर रजिस्ट्री व फैमिली आईडी की उपयोगिता के बारे में विस्तार जानकारी दी गई साथ ही साथ सम्बंधित अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री व फैमिली आईडी में बढ़ चढ़कर काम करने के लिए निर्देशित किया उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को योजनाओं का पारदर्शी तरीके से त्वरित लाभ प्रदान कर उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए एग्री स्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री द्वारा किसान कार्ड बनवा रही है जिस के द्वारा किसान सम्मान निधि सहित कृषिविभाग सहित अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को मिलने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि किसान कैम्प द्वारा अथवा सीएससी द्वारा अपना फार्मर रजिस्ट्री अवश्य बनवा ले अन्यथा अगली किसान सम्मान निधि अवरुद्ध हो जाएगी उन्होंने किसानों से भी अपील किया है कि अधिक से अधिक की संख्या में फॉर्मर रजिस्ट्री कराए, जिससे अगली क़िस्त का लाभ प्राप्त कर सके डीएम ने लेखपाल व जन सेवा केंद्र के संचालक को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री व फैमिली आईडी बनवाने हेतु आ रहे किसानों का तेज गति से कार्य करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जन सेवा केंद्र पर फार्मर रजिस्ट्री व फैमिली आईडी का बैनर लगाया जाए, जिससे किसानों को पहुंचने में आसानी होगी।

## जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार द्वारा थाना ऐट पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर सुनी गयी जनता की समस्याएं

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने थाना ऐट पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । जिलाधिकारी ने सभी राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद हेतु गठित संयुक्त



टीम के द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर विवाद निस्तारण करे । फ़ैमिली आईडी और फार्मर रजिस्ट्री पर भी जोर दिया गया ।पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने ग्राम चौकीदारों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया ।इस अवसर पर थानाध्यक्ष विमलेश कुमार आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## हत्या के आरोपी को थाना प्रेमनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ग्राम ब्रम्हपुर पटेलपारा प्रेमनगर निवासी दिलभरन बिंझिया ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज



कराया कि 27 दिसम्बर को घर के पीछे बाड़ी में पड़ोसी आरोपी सूरज देव टेकाम जिसका कोई संतान नहीं है उसे घासीराम की पत्नी के द्वारा नि:संतान है कहने पर आवेश में आकर लोहे का फरसा से मारकर घासीराम की हत्या कर दिया। सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त अपराध क्रमांक 140/24 धारा 103( 1 ) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने हत्या के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना प्रेमनगर पुलिस ने प्रकरण की विवेचना कर आरोपी सूरज देव टेकाम पिता नार सिंह उम्र 40 वर्ष को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फरसा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रेमनगर नीलिमा तिर्की, एसआई मनोज सिंह, एएसआई रंजीत सोनवानी, प्रधान आरक्षक महेन्द्र पटेल, आरक्षक खेलन सिंह, संतोष ठाकुर, बाबुनाथ पोर्ते, डुलेश्वर, नागेन्द्र राजवाड़े, परमेश्वर राजवाड़े, धनंजय साहू, बृजेश कासी व महिला आरक्षक अंजू सिंह सक्रिय रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा जारी रिजल्ट

क्यूँ न लिखूँ सच -अनुपम कुमार द्विवेदी

चितरंगी डिग्री कॉलेज चितरंगी के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी




आज विश्वविद्यालय द्वारा जारी रिजल्ट में चितरंगी डिग्री कॉलेज के बा फर्स्ट ईयर बीएससी फर्स्ट ईयर बीए सेकंड ईयर बीएससी सेकंडईयर के छात्र-छात्राओं का सत प्रतिशत रिजल्ट रहा सिंगरौली जिले के चितरंगी जनपद में दो महाविद्यालय संचालित है संचालित है जिसमें चितरंगी डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सत परिषद रिजल्ट हासिल किया है यह परीक्षा परिणाम संस्था के संचालक सुनील सिंह चौहान के मार्गदर्शन के साथ-साथ सहायक संचालक बृजेश सेन संस्था प्राचार्य अरुण कुमार पटेल सहायक प्राध्यापक दयाराम सिंह हरजीत सिंह बबलू प्रसाद रामलाल कर अखिलेश सर एवं आकांक्षा सिंह साक्षी मिश्रा एवं संयोजक अंबिकेश धर द्विवेदी के मार्गदर्शन में प्राप्त हुआ इस परीक्षा परिणाम को देखते हुए संस्था के संचालक सहायक संचालक प्राचार्य एवं संयोजक अंबिकेश धर द्विवेदी जीने छात्र-छात्राओं को तहे दिल से बधाइयां दी

### सड़क टूट कर गडढे में तब्दील

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती - विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिवारी



गांव के अंदर पीडब्ल्यूडी की रोड एक दशक पूर्व बनाई गई थी जो गड्ढे में टूट कर तब्दील हो गई है जिस पर वाहन व पैदल चलना भी दूभर है ग्रामीणों ने बताया कि तिवारी गांव में जिला पंचायत फुरकान फारूकी के घर से पुरैना तक रोड टूट कर काफी जर्जर हो गई है जिस पर चलना भी मुश्किल है या पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रोड को बनवा दिया जाए तो परेशानियां दूर हो जाएंगे लेकिन गांव में सीसी रोड का निर्माण कराया जाना आवश्यक है जिससे जल भराव ना हो और रोड खराब ना हो इसलिए गांव के निवासी व प्रतिनिध फुरकान फारूकी ने सीसी रोड बनवाई जाने की मांग किया है जिलाधिकारी श्रावस्ती से किया है।

### ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेल कूद का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती - श्रावस्ती जनपद में सिरसिया ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटकुइयाँ कला में खंड स्तरीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का सफल आयोजन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग श्रावस्ती के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अतुल कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष भाजपा श्रवण कुमार वर्मा और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्र उपष्ठित थे। ग्राम प्रधान राजेंद्र, अरविंद कुमार गुप्ता पूर्व विधान सभा संयोजक भाजपा रवि प्रकाश त्रिपाठी मण्डल उपाध्यक्ष सिरसिया जिले दार मौर्य सूरज शुक्ल मौजूद रहे।100 मी. दौड़ मे जूनियर मे राम कुमार कटकुइया कला सीनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम विनोद कुमार राना मोतीपुर कला, लंबी कूद में शुभम प्रथम, गोला फेक में अंश कुमार प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग में उमा कुमारी कटकुइया कला प्रथम, लंबी कूद वंदना प्रथम, सीनियर वर्ग में बालिका 100 मीटर दौड़ में बिंदिया प्रथम, 800 मीटर दौड़ में अनुष्का चौधरी प्रथम, गोला फेक में राधिका प्रथम वॉलीबॉल बालिका वर्ग में मोतीपुर कला विजेता एवं उपविजेता कटकुइयकला, कबड्डी बालिका वर्ग में मोतीपुर कला प्रथम एवं कटकुइया कला द्वितीय रहे। वॉलीबॉल सीनियर वर्ग बालक में मोतीपुर कला विजेता एवं दादुर पुरवा वॉलीबॉल में उप विजेता रही।

## देश की प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के तहत सूरजपुर जिले में 7822 लोग का परीक्षण किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- देश के प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के तहत सूरजपुर जिले में 26 नवंबर 2024 से 25 दिसंबर 2024 तक प्रकृति परीक्षण किया गया, जिसमें जिले के 36 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी वॉलिंटियर्स एवं 3 निजी चिकित्सा वॉलिंटियर कुल 39 वालंटियर्स ने प्रकृति




परीक्षण अभियान में पूर्ण सहभागिता निभाई जिला आयुष अधिकारी डॉ शशि बाला जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में आयुष चिकित्सा अधिकारियों के जिला समन्वयक डॉ संतोष सिंह के नेतृत्व में देश के प्रति परीक्षण अभियान को छत्तीसगढ़ शासन के महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी , जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, उर्दू बोर्ड के सदस्य इस्माइल खान,संभाग के आयुक्त श्री गोविंद राम चुरेंद्र, जिला कलेक्टर एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, डीएसपी इंटेलिजेंट आरएस यादव एवं ज़िले के समस्त अधिकारियों के प्रकृति परीक्षण पश्चात जिले के समस्त नगर पंचायत, ब्लॉक स्तरीय,ग्राम पंचायत स्तर में सभी जनप्रतिनिधियों एवं आम ग्रामीणों,मैदानी क्षेत्र के सभी अधिकारी कर्मचारियों , आंगनबाड़ी मितानिन बहनों,स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आम नागरिकों का वालंटियर्स के द्वारा 18 वर्ष से 70 वर्ष तक के व्यक्तियों का परीक्षण किया गया ज़िले में प्रथम स्थान पर सर्वाधिक संख्या 875 प्रकृति- परीक्षण परशुरामपुर के आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ श्री कृष्ण त्रिपाठी द्वारा किया गया , द्वितीय स्थान पर 488 संख्या के साथ रामानुजनगर के डॉ सीमा त्रिपाठी रहे,तीसरे स्थान पर 452 संख्या के साथ जिला समन्वयक डॉ संतोष सिंह के रहे7चौथे स्थान पर 451संख्या के साथ स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर सूरजपुर के डॉक्टर कुलदीप द्विवेदी रहे 7 पांचवे स्थान पर 379 संख्या के साथ देवनगर के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश विश्वकर्मा रहे देश का प्रति परीक्षण अभियान आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 26 नवंबर 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था जिसके प्रथम चरण का समापन 25 दिसंबर 2024 कोछत्तीसगढ़ के जशपुर ज़िले के कुनकुरी में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा किया गया आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग के माध्यम से बनाये गये एप्प द्वारा देश के प्रति परीक्षण अभियान के तहत पूरे भारत में एक करोड़ लोगों का प्रकृति परीक्षण ऐप के माध्यम से करने का लक्ष्य लिया गया था जिसके माध्यम से नागरिकों की प्रकृति वात पित्त, कफ का आकलन कर उनके शारीरिक संरचना, मानसिक गतिविधियों,सामाजिक व्यवहारों के माध्यम से ऐप के द्वारा प्रकृति निर्धारण किया गया इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत में सभी नागरिकों के प्रकृति परीक्षण ऐप के माध्यम से विश्लेषण कर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल, दिनचर्या ऋतुचार्य आहार बिहार का पालन कर,जीवन शैली में परिवर्तन कर बीमारी होने की संभावना को कम किया जा सकता है,जिससे सभी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं निरोगी बने रहें एवं आर्थिक रूप से स्वास्थ्य में व्यय होने वाले खर्चो का बचत कर भारत को एक आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र बनाने प्रतिबद्ध रहे इस अभियान के माध्यम से आयुर्वेद अनुसार वात पित और कफ से होने वाले लगभग 140 प्रकार के छोटे से लेकर बड़े रोगों एवं गैर संचारी रोगों जैसे - ब्लड प्रेशर-उच्च रक्तचाप, मधुमेह - डायबिटीज और कैंसर जैसे गंभीर रोगों के रोकथाम में सहायक सिद्ध होगा

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप द्विवेदी

पीथमपुर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर पीथमपुर आईसर चौराहा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किया। प्रमुख रूप से पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश सेन, डॉ हेमंत कुमार हिरोले ,महिला कांग्रेस की प्रदेश संगठन मंत्री मोनिका



सोलंकी, अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक डॉ एस आर गोयल कांग्रेस नेता रमेश मिश्रा ,एससी विभाग के पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद राम करोले , सदर मुन्ना बारसी, डॉक्टर कृपाराम मुकाती सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर ट्राली को ओवर ट्रैक करते समय आमने-सामने बाइक की भिड़ंत तीन घायल


क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती - ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करते समय दो मोटरसाइकिल सवार आमने- सामने भिड़ गए। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हरदत्तनगर गिरन्ट थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिरन्ट गांव निवासी सुरेश कुमार ( 35 ) पुत्र परशुराम जो गिरन्ट बाजार से अपने निजी कार्य से बदला चौराहा जा रहे थे। तभी सुजानडीह के पास पहुंचने पर जा रही ट्रैक्टर- ट्रॉली को ओवरटेक करते समय सामने से मोटरसाइकिल सवार पड़ोसी जनपद बहराइच के रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बक्शी गांव निवासी चेलेराम पुत्र कुंवारे के साथ पीछे बैठा छैलू पुत्र स्वामी पासवान जो मोटरसाइकिल पर सवार होकर मल्हीपुर के रास्ते बदला होते हुए हरदत्तनगर गिरन्ट थाना क्षेत्र स्थित मिर्जापुर रिश्तेदारी में जा रहे थे। दोनों मोटरसाइकिल सवार आमने-सामने भिड़ गए। जिसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार तीन लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस यू.पी 32 बीजी 8816 से चालक दिलीप कुमार वर्मा के साथ ईएमटी अल्ताफ अहमद ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर मे भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने अपने प्राथमिक उपचार के बाद सुरेश कुमार मेडिकल कॉलेज बहराइच और चेलेराम को जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया।

# Year Ender 2024: 'Lay less but recover more', these low budget films made a mark at the box office

In the year 2024, films of superstars like Kartik Aaryan's Bhool Bhulaiyaa 3 to Ajay Devgan's Singham Again and Allu Arjun's Pushpa 2 hit the box office. While some films dashed the hopes of fans, some low budget films came whose budget was nominal but their earnings surprised everyone. These films dominated in 2024 These 5 low budget films won the game - fans did not hesitate to loosen their pockets at all The year 2024 is now about to end and the world is going to enter a new year. In the year 2023, while films of many superstars including Shah Rukh Khan to Salman Khan and Ranbir Kapoor made their mark at the box office, in 2024, many low budget content-rich films came from Missing Ladies which were highly appreciated by the audience. This year started off on a very slow note at the box office with Deepika Padukone and Hrithik Roshan's film 'Fighter'. People were expecting a lot from the movie, but everything went down the drain. Fans were very disappointed with the flop of the first film itself, but in the middle of the year, many such content-rich low-budget films came, which rocked the box office. There was no major promotion of these films nor did anyone have any expectations from them. When the film came, the theaters filled up on their own and people liked the movie so much that they filled the account of these films. Let us know with the end of the year which low-budget films left their mark on the box office this year. Hanu-Man The first film in this list is Teja Sajja's Hanu-Man, which is originally a Telugu language film. This film was released pan India. Released in theaters on 12 January 2024, this film made such a blast at the box office that the viewers just kept watching. Made on a budget of 40 crores, this film had a lifetime collection of around 301–350 crores worldwide. People liked the story of the film very much. Stree 2 - Shraddha Kapoor and Rajkumar starrer film 'Stree' was released in the year 2018 and when the makers announced its second part, the impatience of the fans increased since then. When the story of Chanderi village came in front of the people again on 15 August 2024 this year, the audience could not stop themselves and the theatres were packed to the brim. This film of Shraddha Kapoor remained at the box office for more than 50 days. Stree 2 may have had a lot of buzz, but its budget was only 60 crores. This low budget movie had a lifetime worldwide collection of 874.58 crores. Shaitaan-One name in the list of big low budget hit films of this year is Ajay Devgan's film 'Shaitaan', which was released in theaters on 8 March 2024 this year. R Madhavan and Jyothika were seen with him in the film. The budget of this movie based on black magic was around 40 crores. The movie earned around 211 crores worldwide. Munjya-With films like Stree 2 and Munjya, producer Dinesh Vijan is making the universe of horror comedy films even bigger. This film starring Sharvari Wagh and Abhay Verma hit the theaters on 7 June 2024. The story of the film is based on the folklore of a village. Munjya's budget was only 30 crores, but the film earned around 132.13 crores. Article 370- The last low-budget movie of this year to dominate the box office was Article 370, in which Yami Gautam played the role of an NIA agent Junni Haksar. The movie was produced by her husband Aditya Dhar. The budget of the film was only around 20 crores, but this movie did a lifetime business of more than 110.57 crores.




# Chum Darang was kind to the one who had the highest chances of getting eliminated, made a big move

One thing is very interesting in this season. On the very first day of Salman Khan's controversial show Bigg Boss 18, the contestants had decided which side they were on. However, power and its correct use is very important at this time. Recently, Chum Darang got a chance to become the Time God for the second time and she immediately secured this contestant. Chum Darang, who became the Time God for the second time in Bigg Boss 18, without thinking secured this contestant- Came close to the trophy among the nominated contestants. The 11 contestants left in the house have now realized how much power is needed to reach the grand finale in Bigg Boss 18. Everyone wants that the trophy should go home, so they are trying their best to keep themselves safe. This week a total of 7 contestants were nominated from the house. However, once again as soon as Chum Darang got the power of Time God in his hands, he played a trick that surprised everyone. He secured one of the seven nominated contestants. Whom did Chum Darang secure, let's know the name of that contestant. Chum Darang saved this contestant - This is the second time in the same week that Chum Darang has become the new Time God of Bigg Boss 18 for the second time in the 12th week. When she became a Bigg Boss contestant for the first time by bidding all the money, she was removed from this position by Bigg Boss saying that when she is not able to take responsibility of Sara, then how will she take care of the house for the whole week. Now once again by winning the task, Chum Darang has proved that she is entitled to sit on the position of Time God. An ex-account giving all the updates of Bigg Boss gave this information on its page and told that as soon as she became the Time God for the second time, Bigg Boss gave Chum the power to secure one of the nominated contestants. Using his power, he secured Chahat Pandey this week. How has Chahat Pandey's game been? - Apart from Kashish Kapoor and Sara Arfeen, Chahat Pandey's name is also included in the contestants who are most likely to be eliminated from the show this week. When Chahat Pandey entered the Bigg Boss house, her fight with Vivian Dsena was much talked about, but with the passage of time, the actress's game also started to falter. Sometimes she joins Karanvir Mehra's gang, sometimes she is seen fighting against him. In such a situation, the actress's game has become quite confusing and boring for the audience as well. This week's nominated contestants include Isha Singh, Avinash Mishra, Kashish Kapoor, Sara Arfeen Khan, Vivian Dsena and Rajat Dalal.



# The showdown has begun! Karanveer Mehra and Vivian Dsena had a fight, the enemy of both of them set things on fire

TV's controversial show Bigg Boss 18 has reached very close to the finale. In the BB house, there is often a fight between the housemates for some reason or the other. Now in the upcoming episode, the fight between Vivian Dsena and Karanveer Mehra will be seen. Let's know what is the real reason behind the resentment between the two. Bigg Boss 18 has reached very close to the grand finale. There was a fight between Vi and Karan - Karanveer pushed Sara Arfeen Khan. In Bigg Boss 18, the equations of friendship and enmity keep changing constantly, but the relationships of some contestants have been the same from the beginning. Whether it is friendship or enmity between them. However, some members also fight suddenly. This also includes the names of Karanveer Mehra and Vivian Dsena. Recently, Vivian had clarified that he will not maintain friendship with Karan in the show. After this, Karan raised questions on Vivian's friendship. Now once again the tension in the relationship of these two members is going to increase. The promo of the upcoming episode of Bigg Boss (Bigg Boss 18 Promo) has been released on the official account of Colors TV. It is seen in this that Vivian and Karan are arguing. At the beginning of the video, there is a verbal fight between Karan and Sara. After this, Karan holds both her hands, but suddenly Sara falls on the ground. Karan pushed Sara - Sara Arfeen Khan was heard saying in the promo that Karan pushed him. When Vivian goes to Sara and talks to her, she cries due to sadness. Let us tell you that Sara Khan's relationship has not been good with both Vivian and Karan. However, Vivian still expressed displeasure over the whole issue and raised questions on Karan. Perhaps this is what Karan did not like and he could not control his anger. Karanvir's anger burst on Vivian- Karan angrily asked Vivian whether you have come to talk to me or are you asking. Vivian replies that I am just asking you. After this, there was a fight between the two. Vivian said, you put your point of view in front of everyone. On hearing this, Karan could not control his anger and he said who are you. If you think that I have pushed, then tell Bigg Boss to throw me out of the show directly. After watching the promo, it seems that in the upcoming episode, Bigg Boss house is going to turn into a battlefield. For now, it will be interesting to see whether friendship remains between Vivian and Karan or both will become enemies.

